प्रेस विज्ञप्ति

16/01/2022

'सैल्यूट जसपाल सिंह जी' वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न

रोटरी क्लब युगल के तत्वावधान में गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष तथा श्री गुरूनानक देव रक्तदान सेवा सोसाइटी के संयोजन में आज 'गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर' में भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य व पूर्वांचल में रिकॉर्ड रक्तदान करने वाले गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी के सम्मान में वृहद रक्तदान शिविर 'सैल्यूट जसपाल सिंह जी' का आयोजन हुआ।

आज आयोजित विशेष रक्तदान शिविर 'सैल्यूट जसपाल सिंह जी' में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों को रक्तदान हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए आह्वान किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल जी ने भारतीय सेना दिवस की बधाई देते हुए थल सेना की वीरता और शौर्य की गौरवगाथा पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर में आयोजित यह रक्तदान शिविर पूर्वांचल सहित पूरे प्रदेश के लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरणा प्रदान करेगा।

श्री अग्रवाल जी ने कहा कि शिविर की विशेषता यह है कि गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने पूर्वांचल में सबसे अधिक बार रक्तदान करने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने आज 80वीं और आखिरी बार रक्तदान करते हुए समाज में मानवीयता का अतुल्य प्रतिमान स्थापित किया है। उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ रक्त कोष के सहयोग से 80 बार रक्तदान किया है, यह गोरक्षपीठ परिवार हेतु गौरव का विषय है।

भारतीय सेना की की शौर्यगाथा पर विचार व्यक्त करते हुए रोटरी क्लब युगल के अध्यक्ष श्री अनुराग अग्रवाल जी ने कहा कि भारतीय सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी डटकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। उनकी सेवा अतुलनीय है। उनके

अदम्य साहस, समर्पण एवं बलिदान का ही परिणाम है कि हम सभी निडर होकर स्वतंत्र जीवन यापन कर रहे हैं।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जायसवाल जी ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपना दायित्व समझकर रक्तदान करता है तो रक्त की कमी से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होगी। उन्होंने लोगों से निरंतर रक्तदान हेतु आग्रह किया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा कि आज 80वीं बार रक्तदान करके अत्यंत आह्लादित हूं। अब मेरी अधिक आयु हो गई है, यह मेरा अंतिम रक्तदान है।

श्री जसपाल जी ने कहा कि रक्तदान करके हम केवल दूसरों का ही जीवन नहीं बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त की आवश्यकता पड़ने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी। इसमें रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

स्वागत वक्तव्य में रोटरी क्लब युगल के अध्यक्ष श्री अनुराग अग्रवाल जी ने कहा कि रक्तदान महादान माना गया है। रक्तदान करके हम पुण्य के भागी बनते हैं।

उल्लेखनीय है कि श्री जसपाल सिंह का जन्म सन 1954 में 03 फरवरी को हुआ था। वे आज भी निरंतर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में स्वयं को खपा रहे हैं। रक्तदान के अलावा लंगर लगवाने, वस्त्र वितरण, मेडिकल शिविर आयोजित करने आदि में जी-जान से जुटकर समाज में एक सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

शिविर में रविनन्द गुप्ता, इकबाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, शनि गुप्ता, अंश कश्यप, मनी कौर दलजीत सिंह, जगनैन सिंह डाक्टर रूप कुमार बनर्जी सहित 35 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, कार्यक्रम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर के सचिव श्री जगनैन सिंह नीतू जी ने रक्तदाताओं व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।